'युवाओं को क्रिमिनल बनने से रोकेगी पुलिस, स्किल जानकर दिलाएगी रोजगार'

- रेंज के 18 गैंगस्टर और हार्डकोर अपराधियों पर स्टडी करवाई है जिसमें सामने आया है कि उनके पास कौशल था लेकिन सही मार्गदर्शन नहीं मिला अगर वे अपने कौशल का सही इस्तेमाल कर पाते तो शायद अपराधी नहीं बनते
- पुलिस अब ऐसे अपराधियों की सूची तैयार की जायेगी जो युवा हैं और उनके पास हुनर है, उन्हें रोजगार उपलब्ध कराकर अपराध की दुनियां में जाने से रोकेगी

बीकानेर, (कासं)। रेंज में पुलिस अब युवाओं को अपराधी बनने से रोकने का काम भी करेगी। अपराध की शुरूआत करने वाले युवाओं के बारे में जानकारी जुटाकर उनकी स्किल पहचानेगी और रोजगार मुहैया करायेगी।

रेंज के बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ और चूरू जिलों में पुलिस ऐसे युवाओं की लिस्ट तैयार करेगी जो पढ़े-लिखे हैं या काम करने का हुनर रखते हैं। लेकिन वे हार्डकोर क्रिमिनल के बहकावे में आकर या उनका टूल बनकर या किसी अन्य कारण से अपराध जगत में शामिल होते जा रहे हैं। ऐसे युवाओं की पूरी जानकारी जुटाने के बाद उनकी स्किल की पहचान कर रोजगार मुहैया कराने का प्रयास किया जायेगा। जिससे वे जीवन-यापन कर सके और अपराध की दुनियां में शामिल होने से बच सके।

रेंज स्तर पर यह निर्णय लेने से पहले पुलिस ने चारों जिलों के 18 गैंगस्टर, हार्डकोर क्रिमिनल की कुंडली खंगाली है। जिनमें रोहित गोदारा, ऋतिक बॉक्सर, अमरजीत बिश्नोई भी शामिल हैं। उनके घर-परिवार, शुरूआती जीवन, दोस्त-रिश्तेदारों के बारे में जानकारी जुटाई तो सामने आया कि इन अपराधियों के पास भी कौशल था। लेकिन उन्हें सही मार्गदर्शन और रोजगार नहीं मिला जिससे वे दिग्भ्रमित हुए और अपराध लगे। धीरे-धीरे हार्डकोर क्रिमिनल बन गए। इनमें ज्यादातर 18 से 28 साल के युवा शामिल थे। 15 से 17 साल के ऐसे किशोर भी थे जो बड़े गैंगस्टर या हार्डकोर अपराधियों का हथियार बने और अपराध करने लगे।

रोहित गोदारा उर्फ रावताराम स्वामी खेती-बाड़ी परिवार का पेशा रहा। 10वीं कक्षा तक पढ़ाई की और उसके बाद छोड़ दी। लूणकरनसर, जैन मार्केट और गणपति प्लाजा में मोबाइल की पांच दुकानें थी जो खुद ही संभालता था। बाद में दुकानें बेचकर जमीन का काम करने लगा। विवादित जमीनें खाली करवाई और धीरे-धीरे गैंगस्टर बन गया। अब हत्या, फिरौती जैसे गंभीर अपराधों के 15 मुकदमे हैं और पुलिस से बचने के लिए विदेश भाग गया।

सम्पत नेहरा उर्फ बलकारी उर्फ कोच बीए सैकंड ईयर तक पढ़ाई की। फाइनल ईयर के लिए चंडीगढ़ के डीएवी कॉलेज में दाखिला लिया। वहां चुनावी माहौल में मारपीट की। बाद में दोस्तों के साथ इनोवा गाड़ी लूटी और उसके बाद लगातार अपराध किए। अब 44 मुकदमे दर्ज हैं।

ऋतिक बॉक्सर जयपुर मालवीय नगर में रहकर पढ़ाई की। बॉक्सिंग हाबी रही। यूनिवर्सिटी चुनाव में लड़ाई-झगड़ों के बाद अपराधी बन गया। दानाराम सियाग परिवार चूरू के सरदारशहर से लूणकरनसर में शिफ्ट हुआ और बीकानेर में पढ़ाई की। दोस्त की पटवारी से बोलचाल हुई। पटवारी से मारपीट की और मुकदमा दर्ज होने के बाद आदतन बन गया। पहली बार मुकदमा दर्ज हुआ तब नाबालिग था। अब 8 मुकदमे हैं।

अमरजीत उर्फ जाम्बा बिश्नोई हरियाणा निवासी, लेकिन पिता की आरएसी बीकानेर में नौकरी लगी और यहीं रहने लगे। डूंगर कॉलेज से बीए की और एमए का फार्म भरकर पढ़ाई छोड़ दी। फायनेंस कंपनी में रिकवरी का काम करने लगा और लोगों से विवाद, मारपीट के बाद अपराधी बन गया। अब सात मुकदमे हैं।

अशोक थालोड़ खाजूवाला में खेतीबाड़ी की जमीन होने के बावजूद वर्ष, 07-08 में फर्नीचर का काम शुरू किया और मुंबई चला गया। वर्ष 20 14 में चित्तौडगढ़ गया और वहां डोडा-पोस्त के ठेके पर काम करने लगा। डोडा-पोस्त बंद होने पर वापस आ गया और रॉयल्टी ठेके पर रहने लगा। सीकर में मारपीट की और जेल गया। अब 18 मुकदमे दर्ज हैं। राजेन्द्र सिंह उर्फ राजूसिंह सुभाषपुरा निवासी जो ग्रेजुएट है। वर्ष 2009 में मारपीट के मामले में जेल गया और वहां अपराधियों से मिलने के बाद कई वारदातें कीं। नवीन बॉक्सर उर्फ सोनू मेघवाल हरियाणा के भिवानी में 12वीं पास करने के बाद बॉक्सिंग में गया और अच्छा खिलाड़ी बना। जापान, ब्राजील में भी बॉक्सिंग खेलकर आया। रेलवे में टीटी की नौकरी का ऑफर आया लेकिन ज्वाइन नहीं की। वर्ष 2017 में गाड़ी लूट मामले में जेल गया और वहां अपराधियों के संगत में आने के बाद आदतन बन गया।

बीकानेर रेंज के आईजी ओमप्रकाश का कहना है कि पुलिस का काम अपराध रोकना, अपराधियों को पकड़ना है। नए साल में युवाओं को अपराध जगह में शामिल होने से रोकने का भी प्रयास करेंगे। रेंज के 18 गैंगस्टर और हार्डकोर अपराधियों पर स्टडी करवाई है जिसमें सामने आया है कि उनके पास कौशल था। लेकिन सही मार्गदर्शन नहीं मिला। अगर वे अपने कौशल का सही इस्तेमाल कर पाते तो शायद अपराधी नहीं बनते।

वे व्यवसाय में अपनी पहचान बना सकते थे। अब ऐसे अपराधियों की सूची तैयार करेंगे जो युवा हैं और उनके पास हुनर है। लेकिन अपराध की दुनिया की तरफ आकर्षित होने लगे हैं। उन्हें मनोवैज्ञानिक तरीकों से समझाया जायेगा। संगठन-संस्थाओं और दानदाताओं के सहयोग से रोजगार दिलाने का प्रयास करेंगे। क्योंकि प्रारंभ में ही ऐसे युवाओं को अपराध करने से रोका जा सकता है।

भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का परिणाम घोषित

बीकानेर, (कासं)। पुरानी गिन्नाणी स्थित गायत्री शक्तिपीठ बीकानेर में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा समिति की बैठक जिला संयोजक सतीश तंवर की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार से प्राप्त प्रावीण्य सूची के अनुसार भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2024 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के जिला सचिव व ट्रस्टी देवेन्द्र सारस्वत में बताया कि शिक्षा विभाग राजस्थान सरकार के सहयोग से संचालित इस परीक्षा में बीकानेर जिले से 117 सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों की कक्षा 5 से 12 तक के आठ वर्गों के 7,695 छात्र-छात्राओं का पंजीयन किया गया था जिसमें से 7,475 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा बीकानेर जिला सचिव देवेन्द्र सारस्वत ने बताया कि जिला स्तर पर कक्षा 12 में प्रथम स्थान रा. उ. मा. वि. केसरदेसर जाटान की संजु गोदारा, कक्षा 11 में एम. एल. चतुर्वेदी सैकण्डरी स्कूल रामपुरा की साक्षी सोनी, कक्षा 10 में आयुष पब्लिक शिक्षण संस्थान बंगला नगर के गणेश प्रजापत, कक्षा 9 में युगांतर ग्लोबल स्कूल बीकानेर की साधना कुमारी भूतिया, कक्षा 8 में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय उदयरामसर की कविता मेघवाल ने जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

सार-समाचार

सैन मंदिर ट्रस्ट के गुलाबचंद अध्यक्ष

प्राचीन सैन मंदिर ट्रस्ट के गुलाबचंद मारू के अध्यक्ष निर्वाचित होने पर स्वागत किया।

बीकानेर, (कासं)। सैन चौक, उस्ता बारी स्थित मंदिर सैन ट्रस्ट के चुनाव रविवार को हुए। इसमें एडवोकेट गुलाबचंद मारू को अध्यक्ष, डॉ. ओमप्रकाश परिहार को मंत्री और सुरेन्द्र कुमार मारू को कोषाध्यक्ष पद पर निर्वाचित घोषित किया गया। सभी पदों पर चुनाव सर्वसम्मति से हुए। चुनाव अधिकारी श्याम मारू ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए एड.श्रीभगवान मारू ने गुलाबचंद मारू का नाम प्रस्तावित किया जिसका अनुमोदन डॉ.ओमप्रकाश परिहार ने किया। मंत्री पद के लिए गणेश कुमार ने डॉ ओमप्रकाश परिहार का नाम प्रस्तावित किया जिसका अनुमोदन सुरेन्द्र कुमार ने किया। इसी प्रकार कोषाध्यक्ष पद के लिए गणेश कुमार ने सुरेन्द्र कुमार का नाम प्रस्तावित किया जिसका अनुमोदन चोरू लाल मारू ने किया। अशोक मारू ने मंदिर के विकास के लिए सभी से एक जुटता बनाए रखने के लिए आव्हान किया। बैठक में उपस्थित निवृतमान अध्यक्ष राजेंद्र मारू भायोजी ने प्राचीन सैन मंदिर कार्यकारिणी के सर्वसम्मति से निर्वाचन होने पर सभी का आभार प्रकट किया।

कक्षा कक्ष का लोकार्पण

स्काउट गाइड स्थानीय संघ में कक्षा कक्ष का लोकार्पण करते मांगीलाल सुथार।

बीकानेर, (कासं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ भवन प्रांगण में उपप्रधान केसरी चंद सुथार एवं मांगीलाल सुथार वरिष्ठ स्काउट द्वारा अपने परिजन स्व. धापू देवी पत्नी स्व. चेनाराम सुथार की स्मृति में एक कक्षा कक्ष का पुनर्निर्माण एवं सुसज्जित करवाया। सुथार ने बताया कि इस कक्षा कक्ष का स्काउट गाइड के प्रशिक्षण, रक्तदान शिविर, प्रशिक्षण शिविर आदि हेतु उपयोग में होगा। कार्यक्रम में डॉक्टर विजय शंकर आचार्य, डॉक्टर उमाकांत गुप्त, रामजस लिखाला , देव आनंद पुरोहित पीके मित्तल, मांगीलाल सुथार, घनश्याम स्वामी, कृष्णलाल सुथार, प्रदीप सुथार, ओमप्रकाश सुथार, प्रकाश सुथार, उमाशंकर शर्मा, विमला सुथार गोविंद सुथार, बलराम, हितेश वैष्णव, पंकज भटनागर, महेश शर्मा सहित स्काउट गाइड परिवार के पदाधिकारी एवं भामाशाह परिवारजन उपस्थित रहे। लोकार्पण कार्यक्रम का संचालन स्थानीय संघ सचिव भुवनेश्वर साध ने किया।

चिकित्सा व्यवस्था जांची

सी.एम.एच.ओ. डॉ पुखराज साद ने सीएचसी देशनोक का औचक निरीक्षण किया।

बीकानेर, (कासं)। जिले के नवनियुक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पुखराज साद ने रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र देशनोक का औचक निरीक्षण कर सेवाओं का जमीनी हाल जाना। उन्होंने अस्पताल प्रभारी डॉ विजेंद्र निर्वाण और डॉ कपिल सारस्वत के साथ लेबर रूम, वार्ड, ओपीडी, टीकाकरण कक्ष, दवा स्टोर, डीडीसी, वेटिंग एरिया सहित अस्पताल के समस्त परिसर का गहन निरीक्षण किया। डॉ साद ने लेबर रूम सहित सभी स्थानों पर सफाई व्यवस्था सुधारते हुए आमजन को संक्रमण रहित हाइजीनिक स्वास्थ्य सेवाएं देने के निर्देश दिए।

वन विभाग की जमीन घोटाला उजागर करने वालों का तबादला

- जमीन घोटाला और जिप्सम खनन रोकने के कारण दोनों ही अफसर माफिया के आंखों की किरकिरी बने हुए थे
- छतरगढ़ में जमीन घोटाला उजागर करने वाले डीएफओ और क्षेत्रीय वन अधिकारी का तबादला होने से जांच ठप

छतरगढ़, (कासं)। वन विभाग की जमीन घोटाला उजागर करने वाले उप वन संरक्षक और क्षेत्रीय वन अधिकारी को बड़ा इनाम मिला है। दोनों को ही उठाकर बर्फ में लगा दिया गया है। इसके साथ ही जमीन घोटालों की जांच का काम भी एक बारगी ठप हो गया है।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक कार्यालय ने करीब एक हजार वन सेवा के अधिकारियों और कर्मचारियों के तबादले किए हैं। राज्य में 47 उप वन संरक्षकों के तबादले किए गए हैं, जिनमें पांच बीकानेर में हुए हैं। छतरगढ़ स्टेज प्रथम में उप वन संरक्षक वीरभद्र मिश्र को मुख्य वन संरक्षक कार्यालय में लगा दिया गया है। इसी प्रकार छतरगढ़ स्टेज प्रथम में ही क्षेत्रीय वन अधिकारी वन बंदोबस्त डॉ. योगेंद्र सिंह राठौड़ को कोलायत में पंचायत के वन कार्यालय में लगाया गया है।

छतरगढ़ और पूगल में करीब 9 हजार बीघा सरकारी जमीन के घोटाले उजागर हुए थे। माफिया ने राजस्व अधिकारियों से मिलीभगत कर वन विभाग की जमीन को भी नहीं छोड़ा। छतरगढ़ डीएफओ वीरभद्र मिश्र और डॉ. योगेंद्र सिंह ने विभाग की जमीनों के रिकॉर्ड चैक किए तो पता चला कि उनकी कुछ जमीन अराजीराज कर बेचने की तैयारी थी तो कुछ जमीनें सीधे ही काश्तकारों को बेच दी गई थी।

छतरगढ़ के चक 2 डीएमएम में 270 बीघा, चक 1 आरएसएम में 90 बीघा और 6 डीएलएम में 80 बीघा भूमि का फर्जी आवंटन हुआ था। इसी प्रकार खाजूवाला के 4 पीडब्लयूएम में ही 3425 बीघा भूमि वन भूमि रिकॉर्ड में अराजीराज दर्ज हो गई। इसके अलावा चक 4 पीडब्लयूएम में ही 865 बीघा जमीन का आवंटन कर दिया गया। इसके अलावा भी कुछ चकों में वन भूमि के फर्जी आवंटन और अराजीराज करने के रिकॉर्ड खंगाले जा रहे थे। इसी बीच दोनों का तबादला कर दिया गया।

दोनों अधिकारियों ने वन भूमि पर जिप्सम के अवैध खनन पर भी अंकुश लगा दिया था। जमीन घोटाला और जिप्सम खनन रोकने के कारण दोनों ही अफसर माफिया के आंखों की किरकिरी बने हुए थे। इनके तबादले के पीछे राजनीति एप्रोच बताई जा रही है। वीर भद्र मिश्र के स्थान पर माउंट आबू से सूर्यप्रताप सिंह और डॉ. योगेंद्र की जगह धौलपुर रेंज चंबल सेंचुरी से विनोद कुमार जाखड़ को लगाया गया है। दोनों ही अधिकारी नए हैं। जमीन घोटलों को समझने में ही छह महीने लग जायेंगे। वन भूमि पर अवैध आवंटन निरस्त करवाने के लिए छतरगढ़ रेंज में 47 काश्तकारों के खिलाफ कलेक्टर के समक्ष परिवाद पेश कर मुकदमे दर्ज कराने की तैयारी की जा रही है।

जाम्भाणी साहित्य संगीत संगम

बीकानेर,(कासं)। जयनारायण व्यास कॉलोनी स्थित जाम्भाणी साहित्य अकादमी में रविवार को जाम्भाणी साहित्य संगीत संगम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम संयोजक डॉ हरिराम बिश्नोई ने बताया कि कार्यक्रम में गायक और प्रचारक सुरेश डारा नगरासर और उनके साथियों ने गुरू जाम्भोजी की शिक्षाओं पर आधारित प्रवचन, साखी और भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राजाराम धारणियां ने बताया कि हम मनोरंजन के तो अनेक उपाय करते हैं परन्तु ऐसे कार्यक्रम हमारा आत्मरंजन करते हैं जहां साखी भजनों द्वारा भगवान का गुणगान किया जाता है जो सुनने वालों को शांति, सुख और आनंद प्रदान करता है।

बच्चे अच्छे संस्कार सिखते हैं। अकादमी बच्चों के लिए संस्कार शिविर और ज्ञान परीक्षा का भी आयोजन करती है। इस कार्यक्रम में सीमा पुनिया तथा अन्य बच्चों ने भी शानदार प्रस्तुति दी। अकादमी संरक्षिका डॉ सरस्वती बिश्नोई ने कहा कि अकादमी के प्रति लोगों का विश्वास ऐसे आयोजनों से बहुत मज़बूत होता है।

एक करोड़ की साइबर ठगी करने वाले गिरफ्तार

- विदेशी साइबर ठगों के साथ मिलकर ठगी की रकम को क्रिप्टो करेंसी यूएसडीटी में बदलकर विदेश भेज रहे थे

हनुमानगढ़, (कासं)। पुलिस ने साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक अरशद अली के नेतृत्व में टीम ने एक करोड़ रूपए की साइबर ठगी करने वाले अंतरराष्ट्रीय गिरोह का पर्दाफाश किया।

साइबर थाना हनुमानगढ़ की टीम ने गश्त के दौरान एक लाल रंग की स्कॉर्पियो को रोका। जिसमें तीन संदिग्ध युवक मिले। तलाशी में उनके पास से 4 मोबाइल और 8 सिम कार्ड बरामद हुए। जांच में पता चला कि आरोपी विदेशी साइबर अपराधियों के साथ मिलकर ठगी की रकम को क्रिप्टो करेंसी यूएसडीटी में बदलकर विदेश भेज रहे थे।

गिरफ्तार आरोपियों में सिरसा के नितेश (26), श्रीगंगानगर के दिवांशु (19) और अंकुश (26) शामिल हैं। गिरोह का तरीका था कि वे लोगों से उनके बैंक खाते, एटीएम और सिम कार्ड हासिल कर लेते थे। फिर विदेशी साइबर ठग इन खातों में ठगी की रकम जमा करते थे, जिसे क्रिप्टो करेंसी में बदलकर विदेश भेज दिया जाता था। हैड कांस्टेबल विजय आनंद की अगुवाई में कांस्टेबल प्रमोद कुमार, पंकज कुमार और गजराज सिंह की टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है और कहा कि साइबर अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

नकली बीड़ी के 70 पुड़े जब्त : जंक्शन में नकली बीड़ी की बिक्री का मामला सामने आया है। इस कार्रवाई में नकली बीड़ी के करीब 70 पुड़े बरामद किए गए। बीड़ी कंपनी के श्रीगंगानगर क्षेत्रीय प्रबंधक इमरान मोहम्मद ने बताया कि हनुमानगढ़ में डुप्लीकेट बीड़ी बेचे जाने की जानकारी मिली थी। इस पर जंक्शन व्यापारी चंदा एजेंसी पर कंपनी के विजिलेंस अधिकारी प्रेम सिंह व सेल्स अधिकारी धर्मेन्द्र शर्मा ने कार्रवाई को अंजाम दिया। करीब 70 पुड़े नकली बीड़ी बरामद हुई।

गंदे पानी के नाले की समस्या से परेशान

बीकानेर, (कासं)। विधानसभा क्षेत्र बीकानेर पूर्व में नागणेचीजी मंदिर के पास में गंदे पानी के नाले की समस्या से परेशान सुदर्शना नगर, करणी नगर, मरुधर कॉलोनी, पवन पुरी, शास्त्री नगर एवं डुप्लेक्स कॉलोनी के निवासी गणों तथा गणमान्य समाज के लोगों द्वारा एक सामूहिक बैठक नागणेची मंदिर के पास स्थित गार्डन में की गई।

बैठक में शास्त्रीनगर से होते हुए नागणेची मंदिर के आगे से निकलने वाले गंदे पानी के नाले को पूर्ण रूप से बंद करवाने के लिए केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल को समस्या से रूबरू करवाने के लिए एक ज्ञापन दिए जाने का निर्णय लिया गया है। 22 जनवरी को गुफा मंदिर में प्रभु श्रीराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के बाद समस्त निवासियों द्वारा मंत्री महोदय को ज्ञापन सौंप कर गंदे नाले की समस्या से निजात दिलाने के लिए निवेदन किया जायेगा।

बैठक में करीब 150 से 200 के लगभग क्षेत्र के निवासियों ने भाग लिया जिसमें प्रमुख रूप से बैठक के संयोजक नरेन्द्र शर्मा, कर्मचारी नेता विजय सिंह राठौड़, बनवारी शर्मा, जितेंद्र नैयर, अमन वर्मा, सोमेश शर्मा, सुभाष मोदी, मोहनलाल लोहिया, राजीव मित्तल, मनोज शर्मा, मानसिंह के अलावा मातृ शक्तियों में श्री किरण खत्री, दीपा गांधी, किरण मंगल, प्रतिभा सिसोदिया एवं सरोज चौधरी भी उपस्थित रही। कर्मचारी नेता विजय सिंह राठौड़ ने कहा कि प्रतिष्ठित कॉलोनी के बीच में यह गंदा नाला नासूर है।

'सरहद से समंदर' बाइक रैली

बीकानेर, (कासं)। भारतीय तटरक्षक बल के 49वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर भारतीय तटरक्षक बल द्वारा 'सेंटिनल्स ऑफ द सी-सरहद से समंदर' तक मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया जायेगा। यह रैली 22 जनवरी को दोपहर 1:30 बजे वाघा बॉर्डर, अमृतसर से शुरू होगी।

भारतीय तटरक्षक बल के पश्चिमी क्षेत्र कमांडर, महानिरीक्षक भिषम शर्मा और बीएसएफ पंजाब फ्रंटियर के महानिरीक्षक डॉ. अतुल फुलझले द्वारा झंडी दिखाकर रवाना किया जायेगा। भारतीय तटरक्षक बल के क्षेत्रीय मुख्यालय द्वारा ट्रायंफ मोटरसाइकिल्स लिमिटेड के सहयोग से आयोजित रैली में 10 दिनों में 2 हजार 300 किलोमीटर की दूरी तय की जायेगी।

सिंचाई पानी के संकट से किसानों में चिंता

- किसानों ने प्रभारी मंत्री सुमित गोदारा से मुलाकात कर सिंचाई पानी के संकट से अवगत कराया

श्रीगंगानगर, (कासं)। किसानों ने प्रभारी मंत्री सुमित गोदारा से मुलाकात की। किसानों ने कहा कि 30 फीसदी कम बिजाई होने के बावजूद सिंचाई पानी का संकट किसानों में चिंता पैदा कर रहा है। 45 आरडी पर पानी घटकर 1800 क्यूसेक होने की सूचना के बाद ही किसानों ने तत्काल प्रभारी मंत्री को मिलने का कार्यक्रम बनाया। हनुमानगढ़ रोड पर स्थित एक संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में किसान तख्तियां लेकर पहुंच गए। प्रशासन ने किसानों से मंत्री गोदारा की मुलाकात करवाई। किसान आर्मी संयोजक मनिंद्र मान ने बताया कि गंगनहर व भाखड़ा में सिंचाई पानी के संकट के चलते खेती चौपट होने के कगार पर है। भाखड़ा का किसान हनुमानगढ़ में आंदोलनरत है। वहीं गंगनहर में भी आंदोलन की तैयारियां चल रही हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार पंजाब से पूरा पानी लेने में नाकाम रही है। इसका खमियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है।

उन्होंने स्थानीय प्रशासन व जनप्रतिनिधियों की किसानों के प्रति गंभीरता पर भी सवाल खड़े किए। इस दौरान गणेशगढ़ सरपंच अवतार सिंह, तामकोट के पूर्व सरपंच राजवीर सिंह, वीरेंद्र बराड़, राणा सोढ़ी, सतनाम पन्नू, इंद्र बिश्नोई, नंदराम दौलतपुरा, प्रकाश भादू, सतीश फतूही, प्रीतपाल बराड़, मोहन मोहनपुरा आदि किसानों ने नारेबाजी भी की।

रविंद्र तरखान प्रभारी मंत्री के सामने मांग रखी कि शनिवार सुबह 45 आरडी पर 1,800 क्यूसेक पानी रह गया। वहीं हरिके हैड वर्क्स पर 15 हजार से भी कम हो गया जो पहले 17,500 के करीब आ रहा था। ऐसे में रेगुलेशन सिस्टम प्रभावित होगा। गंगनहर के हिस्से का पानी 45 आरडी की बजाय खखां हैड पर गेज लगाकर पूरा किया जाए। चूंकि 45 आरडी से खखां तक पानी का लोसेज 100 क्यूसेक से अधिक नहीं होना चाहिए जबकि 500 से अधिक लोसेज हो रहा है।

बीकानेर-बठिंडा ट्रैक का विद्युतीकरण

बीकानेर, (कासं)। रेलवे स्टेशन पर अब शीघ्र ही इलेक्ट्रिक इंजन से सभी ट्रेनें चलेंगी। बठिंडा-बीकानेर के बीच बचे विद्युतीकरण का काम पूरा होने के बाद अब बीकानेर रेल मंडल पर विद्युतीकरण का काम शत-प्रतिशत पूरा हो चुका है। ऐसे में अब अगले दो महीनों में बीकानेर रेलवे स्टेशन से सभी ट्रेनें इलेक्ट्रिक इंजन से चलने लगेगी।

हालांकि वर्तमान में भी काफी ट्रेनें विद्युत इंजन से चल रही हैं लेकिन बठिंडा-बीकानेर ट्रैक का कुछ काम बकाया था। इस रूट के विद्युतीकरण के काम अब पूरा हो चुका है। अब इस रूट पर चलने वाली मेल और पैसेंजर ट्रेनें भी अब इलेक्ट्रिक इंजन से दौड़ेगी। ऐसे में ट्रेनों स्पीड़ से चलेगी। इससे ईंधन की भी बचत होगी। ऐसे में यात्रियों को कम समय तक ट्रेन में सफर करना पड़ेगा। इतना ही नहीं ट्रैक पर ट्रेनों की संख्या भी बढ़ाई जा सकेगी। बठिंडा-बीकानेर ट्रैक का विद्युतीकरण होने से अब गांधीनगर से जम्मूतवी ट्रेन को भी शीघ्र ही इलेक्ट्रिक इंजन से चलाने की तैयारी है। विद्युतीकरण रेलवे के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इससे पर्यावरण प्रदूषण भी कमी आयेगी। विदित रहे कि बीकानेर से प्रतिदिन करीब 62 मेल और एक्सप्रेस ट्रेन चलती है। ये ट्रेनें इले?ट्रिक इंजन से चलाने के बाद बीकानेर मंडल को लंबी दूरी की ओर कई ट्रेनें मिल सकेंगी। गौरतलब है कि बठिंडा से सूरतगढ़ इलेक्ट्रिक ट्रेनों के संचालन के लिए सीआरएस का निरीक्षण करीब 6 वर्ष पूर्व हो चुका है।

विवाधकों के स्थिरीकरण के लिए समन(आदेश5 के नियम1और5)
न्यायालय उपखण्ड अधिकारी महोदय मलसीसर जिला झुन्झुनू(राज.)
नाराणी देवी बनाम महादाराम वगै.
दावा बाबत इस्तकरार हक, विभाजन व स्थाई निषेधाज्ञा
प्रेषित1/4/1.संदीप पुत्र भंवरी व सुभाष दोहिता महादाराम जाति जाट निवासी बुडाना तहसील व जिला झुन्झुनू।
1/4/2.सरोज उर्फ सुभीता पुत्री भंवरी व सुभाष दोहिती महादाराम पत्नी विकास जाति जाट निवासी बुडाना तहसील झुन्झुनू हाल आबाद मझावा तहसील गुढा जिला झुन्झुनू।
वादी ने आपके विरूद्ध वाद बाबत नकल सलंग्न है का वाद किया है आपको इस न्यायालय में तारीख21.1.2025 को दिन के 10बजे दावे के उत्तर देने के लिए उपसंजात होने लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर के द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों के उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों के उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिक्षा का लिखित कथन दाखिल करे और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करे जिन पर आपका दाव या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो या न हो, अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसे दस्तावेजों को लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टी करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नही होगे तो वाद में सुनवाई और उसका निपटार आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह आज तारीख 1664 /10.11.2024को मेरे हस्ताक्षर से न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
उपखण्ड अधिकारी
गोल मोहर मलसीसर

गंगनहर के पटडों में बिलों को बंद कराया

श्रीगंगानगर, (कासं)। गंगनहर के पटड़ों में सेह जानवर द्वारा किए गए बिल तलाश कर बंद करवाए गए हैं।

ये बिल गहरे और लाइनिंग तक किए हुए थे। अगर इनको ठीक न करवाया जाता तो फीडर के टूटने का खतरा था। अब सिंचाई अधिकारियों ने पूरे फीडर की दोनों पटड़ों पर गश्त करवाकर ऐसे छिपे हुए अन्य बिल पता लगाने को कर्मचारी दौड़ाए हैं। एसई धीरज चावला ने बताया कि गंगनहर फीडर की आरडी 178 एरिया में पटड़े में सेह जानवर द्वारा किए गए तीन बिल देखे गए। हमारे ही हैड के कर्मचारियों को किसानों ने इन बिलों के बारे में बताया। इसके बाद हैड कर्मचारियों ने मौके पर जाकर इनकी पुष्टि की और फिर हमारे तक जानकारी आई। हमने तत्काल ही जेसीबी मशीन भेजकर इनको बंद करवाया है। जब इनको खोदा गया तो चौंकाने वाली जानकारी यह सामने आई कि ये पटड़े में काफी गहरे और लाइनिंग के नजदीक तक किए हुए थे।

यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट व सीट बेल्ट लगाने का संकल्प दिलाया

- ई.सी.बी. में सड़क सुरक्षा विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया

बीकानेर,(कासं)।इंजीनियरिंग कॉलेज बीकानेर में परिवहन विभाग के सहयोग से परिवहन जागरूकता के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर युवाओं ने आमजन को नियमों के पालन हेतु अनुरोध कर हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, गलत दिशा में वाहन नहीं चलाने आदि हेतु अनुरोध भी किया।

इस अवसर पर कॉलेज छात्रों एवं कार्मिकों को परिवहन संबंधी जानकारी अनेक वीडियो प्रस्तुतीकरण एवं प्रश्नोत्तरी द्वारा जानकारी दी गई। ईसीबी प्राचार्य डॉ ओमप्रकाश जाखड़ ने स्वागत भाषण में कहा कि महाविद्यालय के समस्त कार्मिक सड़क सुरक्षा के सभी नियमों का पूर्ण संज्ञान रखते हैं। इस महाविद्यालय में अनूठी पहल करते हुए महाविद्यालय क्षेत्र में छात्रों के इस्तेमाल किए जा रहे चौपहिया वाहन तथा समस्त छात्रों को जो दुपहिया वाहन के द्वारा महाविद्यालय परिसर में आते हैं पूर्णता निषिद्ध कर दिए हैं। साथ ही महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए दो पहिया वाहन लाने पर हेलमेट पहनना अनिवार्य कर दिया गया है।

ई.सी.बी. में सड़क सुरक्षा विषय पर आयोजित कार्यशाला में यातायात नियमों की पालना की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अंकुर गोस्वामी ने दुर्घटनाओं की भयावहता से आगाह करते हुए सभी छात्रों और सह कर्मियों को ऐसी दुर्घटना से सजग रहने के लिए एवं ट्रैफिक रूल्स का पालन करने के लिए प्रेरित किया। परिवहन अधिकारी अनिल पण्ड्या ने छात्रों को एवं समस्त अभियांत्रिकी महाविद्यालय के कार्मिकों में परिवहन नियमों की जानकारी देते हुए कहा कि परिवहन विभाग आमजन के सहयोग के लिए सदैव तत्पर है एवं इसलिए यह एक माह का परवाह सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। परिवहन निरीक्षक कर्णाराम ने परिवहन माह 'परवाह' के दौरान की जाने वाली गतिविधियों की जानकारी अभियांत्रिकी महाविद्यालय के कार्मिकों एवं छात्रों को दी।